


नवभारत 09
सतना, गुरुवार,25 जून, 2026


# कृषि प्रक्षेत्र परिसर का नाम राष्ट्रऋषि नानाजी परिसर करने के प्रस्ताव को मिली हरी झंड़ी

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल की 68वीं बैठक का आयोजन

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 24 जून । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल की 68वीं बैठक बुधवार को विश्वविद्यालय के रजत जयंती सभागार में कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। हाइब्रिड मोड में आयोजित इस बैठक में मध्य प्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों, नामित गैर-शासकीय सदस्यों तथा विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।**






बैठक में विश्वविद्यालय के अकादमिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही करने तथा समसामयिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नए पाठ्यक्रम प्रारंभ करने संबंधी प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। बैठक का प्रमुख आकर्षण कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे द्वारा प्रस्तुत वह प्रस्ताव रहा, जिसमें कृषि संकाय परिसर एवं कृषि प्रक्षेत्र का नाम 'भारत रत्न नानाजी देशमुख परिसर' रखने की अनुशंसा की गई। प्रबंध मंडल ने इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया।

इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के मूल उद्देश्यों एवं आदर्शों को आत्मसात करते हुए शिक्षा, अनुसंधान और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि उनके विचार और कार्य विश्वविद्यालय की प्रेरणाशक्ति हैं। कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने कहा कि भविष्य में कृषि प्रक्षेत्र परिसर को राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख परिसर के नाम से जाना जाएगा। उल्लेखनीय है कि कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे की नियुक्ति के बाद आयोजित यह प्रबंध मंडल की पहली बैठक थी। बैठक के प्रारंभ में प्रबंध मंडल के सदस्यों ने कुलगुरु का आत्मीय स्वागत किया। इसके पश्चात कुलगुरु ने विश्वविद्यालय की ओर से सभी सदस्यों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया। कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पाण्डेय ने एजेंडा के विभिन्न बिंदुओं को बैठक के समक्ष प्रस्तुत किया। विचार-विमर्श के उपरांत आवश्यक संशोधनों एवं सुझावों सहित विभिन्न प्रस्तावों को पारित किया गया ।बैठक में डॉ महेंद्र मणि द्विवेदी अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा( रीवा) , तोकानंद टेकाम संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा ( रीवा), आशीष पांडे उप संचालक कृषि (सतना), प्रो. टी. आर. शर्मा (जबलपुर), डॉ. अमित कुमार गोस्वामी (दिल्ली), शिव कुमार सिंह सोमवंशी (नकटी-देवीपुर, सतना), विनोद तिवारी (सतना), विजय पाल सिंह यादव (सतना), डॉ. पूर्णिमा दांते (भोपाल), इंजी. ब्रजेश कुमार शुक्ला (रीवा), डॉ. राकेश बाजपेयी (जबलपुर), धर्मेन्द्र सिंह विसेन (सतना), अतुल जैन (दिल्ली) एवं डॉ. विवेक सिंह (वर्धा) प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहे, जबकि डॉ. एन. के. जैन (दिल्ली) ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। अंत में कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पाण्डेय ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# डीजी जेल ने किया नागौद सब जेल का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**नागौद 24 जून। जेल महानिदेशक मध्य प्रदेश भोपाल वरुण कपूर द्वारा नागौद उपजेल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया एवं बंदी बैरकों पाकशाला एवं अस्पताल कच्छ का सघन निरीक्षण किया।**

बंदियों से उनके समस्याएं पूछी जेल की आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया जेल में पाकशाला एवं अस्पताल कक्ष का जेल की आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया स्वच्छता के प्रति संतोष व्यक्त किया गया पाकशाला में बंदी हेतु बने भोजन को चखकर देखा एवं भोजन की गुणवत्ता की प्रशंसा की बंदियों द्वारा जेल में मुलाकात में निजी स्त्रोत से सामाग्री प्रदाय किया जाना पुनः चालू होने से समस्त बंदियो द्वारा महानिदेशक जेल एवं सुधार आत्मक सेवाएं का करतल ध्वनि से आभार व्यक्त किया गया निरीक्षण के दौरान सर्कल जेल अधीक्षक श्रीमति लीना कोस्टा अनुविभागीय दंडाधिकारी पदेन जेल अधीक्षक जितेंद्र कुमार वर्मा अनुवागीयअधिकारी पुलिस रघु केसरी, सोनवीर कुशवाह उप अधीक्षक केंद्रीय जेल सतना एवं सहायक जेल अधीक्षक कमलेश राय एवं वरिष्ठ समाजसेवी अधिवक्ता मुख्तार अहमद सिद्दीकी तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# जनसेवा, समर्पण, लोककल्याण के लिए हमेशा याद किए जायेंगे दाऊ साहब

## पूर्व राज्य मंत्री स्व . हर्ष नारायण सिंह के जन्म जयंती पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 24 जून ।रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया के पिताजी पूर्व मंत्री म. प्र. शासन स्व.श्री हर्ष नारायण सिंह ( दाऊ साहब )के जन्म जयंती के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। विधायक विक्की भैया ने कहा कि आपके बिना एक और साल बीत गया, लेकिन उनका आशीर्वाद हमेशा मेरे और रामपुर बाघेलान की जनता के साथ रहता है।**



उनके सादगी भरे जीवन और संस्कार ने ही मुझे बनाया है। पिताजी ने मुझे जीवन की चुनौतियों का सामना करना सिखाया। आपकी सीख हमेशा मेरे मार्गदर्शन का स्त्रोत रहेगी। आपका जीवन सादगी,सेवा और समाज के प्रति दायित्वों से परिपूर्ण रहा, जो सदैव मेरे लिए मार्गदर्शन एवं प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा ।जन्म जयंती के अवसर पर कोटि-कोटि नमन करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह पप्पू, विद्याधर तिवारी, कमलेश कचेर, पवन गौतम, प्रदीप सिंह शैलेंद्र निगम धीरेंद्र सिंह धीरू, शिव मोहन सिंह लाला, सुनील सिंह, दिलीप सोनी, अजीत सिंह, संतोष सिंह कर्मठ कुबेर ताम्रकार, गंगा सिंह, पार्षद इसहाक खा, शिवांक त्रिपाठी, सुखलाल बंसल, दिनेश सोनी सुंदर गुप्ता, पुष्पराज कुशवाहा, आशीष सिंह, जितेंद्र सिंह, जितेंद्र गुप्ता, संदीप गुप्ता, लकी गुप्ता, राज गुप्ता, गौरव गुप्ता, प्रतुल गुप्ता, सैकड़ों लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# पैरा कमाडों के लिए चयनित हो जयप्रकाश ने रोशन किया मझगवां का नाम

नवभारत न्यूज



**मझगवां 24 जून। होनहार युवा जयप्रकाश गुप्ता जो की गायत्री चौक मझगवां में अपने ननिहाल में नाना जगपत लाल गुप्ता के यहां रहकर पढ़ाई पूरी की और अग्निवीर में चयनित होकर अपने नाना के यहां सही लालन पालन और मिले संस्कारों को सार्थक साबित किया।**


इससे आगे बढ़ते हुए पैरा स्पेशल कमांडो का टेस्ट और ट्रेनिंग पास कर अपनी योग्यता दक्षता और क्षमता का सफल परिचय देते हुए मझगवां वासियों को गर्व महसूस करने का सुनहरा मौका दिया है। जयप्रकाश एवं उनके परिजनों को इस शानदार सफलता के लिए नगर के युवा व्यवसाई रोशन अग्रवाल, कांग्रेस नेता आशुतोष द्विवेदी, शिक्षक पंकज कपूर, अजय पाण्डेय, आशीष पांडेय, गोविंद सिंह पिंडरा, के.के गौतम, बबलू गुप्ता सहित समस्त नगर वासियों ने हर्ष व्यक्त किया।

## सरपंच दे रहा अधिकारियों को गाली वायरल हुआ ऑडियो ?

कोटर। एक आडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक व्यक्ति बिजली समस्या को लेकर अधिकारियों को गाली दे रहा है। सूत्रों के अनुसार यह ऑडियो रिमारी गांव के सरपंच उमेश साकेत का है । समाचार पत्र आडियो की पुष्टि नहीं करता। आडियो में एक व्यक्ति बिजली की समस्या को लेकर अधिकारियों और अन्य लोगों के लिए बुरी तरह से गाली का प्रयोग कर रहा है, जन प्रतिनिधि होने के नाते जनता की समस्या को उठाना तो ठीक है लेकिन इस सरपंच को यह अधिकार कहां से मिल गया कि वह अधिकारियों को गाली दे। हम वायरल ऑडियो की अधिकृत पुष्टि नहीं करते।

# पटना में मनाया गया वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस





नवभारत न्यूज

**मझगवां 24 जून। आज दिनांक 24 जून 2026 को समय सुबह 9 बजे वीरांगना रानी दुर्गावती का 462 वां बलिदान दिवस ग्राम-पटना मझगवां जिला सतना मप्र में मनाया गया।**

वीरांगना रानी दुर्गावती की मूर्ति को समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई ।वीरांगना दुर्गावती ग्रामीण विकास एवं शोध संस्थान के राष्टीय अध्यक्ष राम राज सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर पुष्पार्पण किया गया ।कार्यक्रम में विज्ञान चन्द्र विश्वकर्मा, समिति ब्लाक अध्यक्ष हीरा मन सिंह धुर्वे, त्रस जिलाध्यक्ष चमन सिंह परस्ते, पंकज सिंह,समिति पंचायत अध्यक्ष प्रहलाद सिंह, समिति ब्लाक कोषाध्यक्ष डॉ बीरेंद्र राम विश्वकर्मा, राम मिलन सिंह पूर्व सरपंच, चुनबाद सिंह , शिरोमन सिंह , बब्बू सिंह , पन्नेलाल सिंह , लालबहादुर सिंह, धन्तुल वर्मा व गांव की मातृ शक्तियां उपस्थित रहे कर सभी ने पुष्पांजलि अर्पित किया ।

कार्यक्रम में अनेक लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अन्त में सभी को प्रसाद वितरित किया गया और उपस्थित सभी को सब्जी बीज भी समिति की तरफ से वितरित किए गये।

# वायरल ऑडियो मामले में हुई एफआईआर, थाना और एसपी कार्यालय में शिकायत

नवभारत न्यूज

**रामनगर 24 जून। नगर परिषद रामनगर की अध्यक्ष दीपा मिश्रा एवं अध्यक्ष पति कैलाश मिश्रा ( दीपू मिश्रा ) से जुड़े कथित वायरल ऑडियो मामले में कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला संगठन मैहर की शिकायत के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**



जानकारी के अनुसार, मामले को लेकर सबसे पहले कुर्मी समाज के पदाधिकारियों एवं समाज बंधुओं ने रामनगर थाना पहुंचकर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी को शिकायती पत्र सौंपा और कार्रवाई की मांग की। इसके बाद संगठन का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर पहुंचा, जहां एसपी को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई।

समाज के प्रतिनिधियों का आरोप है कि वायरल ऑडियो में समाज एवं नागरिकों के प्रति आपत्तिजनक और अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है, जिससे लोगों में नाराजगी व्याप्त है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पटेल समाज सहित अन्य समाजों के लोग भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

**पुलिस ने शिकायत को लिया संज्ञान** -पुलिस ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 296(b), 352 एवं 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के सम्मान, सामाजिक सौहार्द और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए यह कदम आवश्यक था। संगठन ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जिला अध्यक्ष रामसुशील पटेल ने समाज के सभी पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं विभिन्न समाजों के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की एकजुटता और शांतिपूर्ण प्रयासों के कारण मामला प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचा और कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त हुआ।

# राजकीय पक्षी सारस के संरक्षण को संकल्पित है उत्तर प्रदेश सरकार : डीएफओ

अमर.सिह,राठौर

**चित्रकूट 24 जून। उत्तर प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस के संरक्षण एवं उनकी संख्या के आकलन के लिए विष्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट में वन विभाग द्वारा व्यापक सारस गणना का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न आर्द्र क्षेत्रों, कृषि भूमि एवं जलाशयों में सारस पक्षियों का अवलोकन किया गया तथा अनेक स्थानों पर उनकी उपस्थिति दर्ज की गई।**



चित्रकूट के प्रभागीय वनाधिकारी डा0 प्रत्यूष कटियार ने बताया कि यह सम्पूर्ण अभियान रानीपुर टाइगर रिजर्व के वन्यजीव प्रतिपालक गोविन्द पटेल के नेतृत्व में संचालित किया गया। गणना कार्य में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सारसों की संख्या, उनके आवास एवं व्यवहार संबंधी विवरण संकलित किए गए। डीएफ्ओ डा0 कटियार ने बताया कि सारस विश्व का सबसे ऊँचा उड़ने वाला पक्षी माना जाता है तथा यह भारतीय उपमहाद्वीप के आर्द्र क्षेत्रों एवं कृषि परिदृश्यों का एक महत्वपूर्ण घटक है। उत्तर प्रदेश में सारस को विशेष संरक्षण प्रदान किया जाता है क्योंकि यह स्वस्थ आर्द्रभूमियों एवं संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण संकेतक है।

सारस सामान्यत: जीवनभर एक ही जोड़े के रूप में रहते हैं तथा अपने पारिवारिक व्यवहार एवं प्रजनन निष्ठा के लिए प्रसिद्ध हैं।

उन्होने बताया कि वन विभाग द्वारा समय-समय पर इस प्रकार की गणनाएँ कर सारसों की स्थिति का आकलन किया जाता है। जिससे उनके संरक्षण एवं आवास प्रबंधन हेतु प्रभावी रणनीति तैयार की जा सके। उन्होने बताया कि चित्रकूट जनपद में आर्द्रभूमियों के संरक्षण एवं जनसहभागिता के माध्यम से सारस संरक्षण को और अधिक सुदृढ़ बनाने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। चित्रकूट के प्रभागीय वनाधिकारी डॉ प्रत्यूष कटियार ने बताया कि दिसंबर 2025 में हुई शीतकालीन गणना में उत्तर प्रदेश में कुल 20,628 सारस पाए गए थे।

## बिना वैध फिटनेस प्रमाण पत्र के सड़क पर न चलें स्कूली वाहन-डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में गत माह के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग-35 पर निर्मित रंबल स्ट्रिप्स पर अब तक पेंटिंग न कराए जाने पर असंतोष व्यक्त किया। अधिशासी अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग खंड (बांदा) ने अवगत कराया कि निविदा (टेंडर) प्रक्रिया गतिमान है, जिसे शीघ्र स्वीकृत कराकर पेंटिंग का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।


## एक नजर में



### अधेरे में मंदाकिनी नदी में उलेड़ी जा रही सीवर की हजारों लीटर गंदगी

**चित्रकूट** .रोज रात के अंधेर में रामघाट के पास स्थित जल संस्थान के सम्पवेल से सीवर का हजारों लीटर गंदा पानी सीधे मंदाकिनी नदी में उलेड़ा जा रहा है. बुंदेली सेना नें दोषी जेई के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह नें बताया कि सम्पवेल की मोटर न चलाने के लिए अक्सर रात के समय सीवर को सीध नदी में खोल दिया जाता है कई बार मामले की शिकायत स्थानीय लोगों नें जल संस्थान में की लेकिन जेई पूरी तरह बेपरवाह बनें हुए हैं सम्पवेल वाले पन्नालाल घाट में ही बुंदेली सेना नें सफ़ाई अभियान चलाया था लेकिन सीवर की गंदगी उलेड कर जल संस्थान सब किए कराए पर पानी फेर देता है सीवर से पानी के साथ बडे पैमाने पर प्लास्टिक कचरा भी नदी में पहुंच जाता है और घाटों में भारी भरकम सिल्ट जमा हो जाती है बुंदेली सेना नें जिलाधिकारी से मांग की ह ै किसी वर को नदी में गिराने पर कड़ीं से रोंक लगाई जाय और दोषी से सजा के तौर पर नदी की सफ़ाई कराई जाय ताकि भविष्य में नदी में गंदगी फैलाने से पहले विभागीय कर्मी सौ बार सोंचे।

### टॉवर प्रभावितों को चार गुना मुआवजा देने की मांग



**कोटर।** कोटर तहसील क्षेत्र में टॉवर लाइन बिछाने के लिए किसानों के खेतों में टॉवर खड़े करने का कार्य किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में किसानों की भूमि प्रभावित हो रही है, लेकिन किसानों को उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा किसानों की जमीन अधिग्रहण किए जाने पर चार गुना मुआवजा देने की घोषणा की गई थी, इसके बावजूद टॉवर लाइन के लिए प्रभावित किसानों को केवल दो गुना मुआवजा दिया जाना किसानों के साथ अन्याय है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटर किसानों के इस हक की लड़ाई में उनके साथ खड़ी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मांग करती है कि प्रभावित किसानों को शासन की घोषणा के अनुसार चार गुना मुआवजा दिया जाए और बिना उचित मुआवजा भुगतान के किसी भी प्रकार का कार्य आगे न बढ़ाया जाए।

### महाराणा प्रताप जयंती का कार्यक्रम संपन्न

**अमरपाटन।** महाराणा प्रताप जयंती का कार्यक्रम क्षत्रिय समाज द्वारा गत दिवस उर्मिला कॉम्प्लेक्स सतना रोड गुरु प्रसन्न सिंह कृष्णम भैय्या के मुख्य अतिथि अध्यक्षता सेवा निवृत्त शिक्षक राजेन्द्र सिंह वा विशिष्ट अतिथि एडवोकेट शिवमंगल सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम का संचालन यसवंत सिंह द्वारा किया गया इस दौरान अनिल सिंह रामनारायण सिंह पुष्पराज सिंह अमर बहादुर सिंह शिवेंद्र सिंह रामराज सिंह समेत बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। महाराणा प्रताप क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष के बी सिंह ने सभी अतिथियों कार्यक्रम में शामिल सामाजिक बंधुओं का आभार जताया।

# सेफ क्लिक -2026 2 .0 साइबर जागरूकता अभियान का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**मैहर 24 जून । पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार आज पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ( भा.पु.से. ) द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला मैहर में SAFE CLICK-2026 2.0 अभियान का शुभारंभ किया गया।**

अभियान के शुभारंभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर अभियान की औपचारिक शुरुआत की । प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने साइबर अपराधों के बदलते स्वरूप, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग एवं अन्य साइबर अपराधों के संबंध में जानकारी देते हुए नागरिकों से सतर्क रहने तथा साइबर सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन करने की अपील की।

यह अभियान दिनांक 24 जून 2026 से 08 जुलाई 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग को बढ़ावा देना तथा डिजिटल माध्यमों से होने वाली धोखाधड़ी से बचाव संबंधी जानकारी प्रदान करना है।

अभियान के दौरान जिले के समस्त थाना क्षेत्रों, शैक्षणिक संस्थानों, ग्राम पंचायतों, बाजारों, बैंक शाखाओं एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही सोशल मीडिया, बैनर, पोस्टर, पम्पलेट, रैली, नुक्कड़ सभाओं एवं जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।




इसके अतिरिक्त भीड़ भाड़ वाले स्थान जैसे कलेक्टर कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, अस्पतालों, बैंक शाखाओं, देवीजी परिसर सहित जिले के सभी थाना परिसरों में साइबर सुरक्षा संबंधी स्टैंडी स्थापित की जाएगी।

जिले के सभी थानों द्वारा स्थानीय स्तर आज साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

SAFE CLICK-2026 2.0 अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना की विशिष्ट उपस्थिति में रवीन्द्र भवन, भोपाल शाम 05ः00 PM बजे से किया गया। कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के माध्यम से जिला मैहर के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की तथा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं जन-जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश प्राप्त हुये।

पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह (भा.पु.से.) ने जिलेवासियों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, OTP, PIN, CVV एवं बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश अथवा ऑनलाइन गतिविधि के प्रति सतर्क रहें। साइबर अपराध का शिकार होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें।

## डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई प्रक्रिया नहीं

वर्तमान समय में डिजिटल अरेस्ट, फर्जी PK फाइल, निवेश एवं टास्क फ्रॉड, UPI/QR कोड धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग, कस्टमर केयर फ्रॉड तथा फर्जी कॉल एवं संदेशों के माध्यम से साइबर अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है। साइबर अपराधी स्वयं को पुलिस, सीबीआई, बैंक अधिकारी अथवा अन्य सरकारी अधिकारी बताकर लोगों को भयभीत एवं भ्रमित कर आर्थिक ठगी कर रहे हैं। साथ ही साथ डिजिटल अरेस्ट के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा जानकारी दी गई कि डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं होती। यदि कोई व्यक्ति स्वयं को पुलिस, सीबीआई, ईडी या अन्य सरकारी अधिकारी बताकर वीडियो कॉल पर डराए, धमकाए या पैसे मांगे, तो घबराएं नहीं। तुरंत कॉल काटें, कोई जानकारी साझा न करें और साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें।